**अनदेखी** — प्राचार्य बने कठपुतली? गांव के नागरिकों की अनदेखी, चेहरा देखकर बैठकों और कार्यक्रमों में बुलावे के आरोप

# छुटभैया नेता के इशारे पर चल रहा स्कूल

**नवभारत न्यूज**
**मोहखेड़, 28 अगस्त, उमरानाला संकुल केंद्र के अंतर्गत आने वाले एक शासकीय विद्यालय की कार्यप्रणाली को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी सामने आ रही है। स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों का आरोप है कि विद्यालय की गतिविधियों में एक स्थानीय छुटभैया नेता का कथित हस्तक्षेप बढ़ गया है। आरोप यह भी है कि प्राचार्य स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने के बजाय कथित तौर पर उसके प्रभाव में काम कर रहे हैं।**




ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय गांव के बच्चों की शिक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण संस्थान है, इसलिए विद्यालय की बैठकों, कार्यक्रमों और अन्य गतिविधियों में गांव के नागरिकों एवं सभी संबंधित अभिभावकों को समान रूप से जानकारी और सहभागिता का अवसर मिलना चाहिए। लेकिन आरोप है कि चुनिंदा लोगों को ही सूचना देकर बुलाया जाता है, जबकि कई जागरूक ग्रामीणों को नजरअंदाज कर दिया जाता है।

### पसंद के लोगों को ही तवज्जो

अभिभावकों का आरोप है कि बैठकों और कार्यक्रमों में किसे बुलाया जाए और किसे नहीं, इसमें कथित रूप से पसंद-नापसंद हावी है। कुछ लोगों को लगातार प्रमुखता दिए जाने से विद्यालय प्रबंधन की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शासकीय विद्यालय में किसी व्यक्ति विशेष की पसंद के बजाय नियमों और विद्यार्थियों के हित को प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

### शिक्षा के मंदिर में बाहरी हस्तक्षेप पर सवाल

ग्रामीणों के अनुसार यदि विद्यालय की व्यवस्थाओं और निर्णयों में किसी बाहरी व्यक्ति का हस्तक्षेप है तो यह गंभीर विषय है। प्राचार्य और विद्यालय प्रबंधन को नियमों के अनुसार स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से कार्य करना चाहिए। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि आखिर गांव के नागरिकों को नजरअंदाज कर चुनिंदा लोगों को ही महत्व क्यों दिया जा रहा।

# कुएं में मिली 6 दिन से लापता 75 वर्षीय वृद्ध की लाश

**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 28 अगस्त, जुन्नारदेव थाना क्षेत्र में छह दिन से लापता चल रहे एक 75 वर्षीय वृद्ध का शव शुक्रवार को खेत के कुएं में मिला। पुलिस ने शव बरामद कर मामले की जांच शुरू कर दी है।**

जुन्नारदेव पुलिस से मिली जानकारी अनुसार, भजनलाल (75) निवासी वार्ड क्रमांक 09, विशाला जुन्नारदेव, 22 अगस्त 2026 की शाम करीब 4 बजे घर से पैदल जुन्नारदेव बाजार की ओर निकले थे। इसके बाद वे वापस घर नहीं लौटे। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उनका कोई



पता नहीं चला। इसके बाद थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। बताया जा रहा है कि वृद्ध पिछले करीब 10-12 वर्षों से मानसिक रूप से अस्वस्थ थे। 28 अगस्त को परिजनों को सूचना मिली कि ग्राम बेलखेड़ी क्षेत्र में मोरसा इनामी के खेत के कुएं में एक व्यक्ति का शव दिखाई दे रहा है। मौके पर पहुंचकर परिजनों ने कपड़ों के आधार पर शव की पहचान भजनलाल के रूप में की।पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया कुएं के पानी में डूबने से मौत होना सामने आया है। शव को बाहर निकलवाकर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराने के उपरांत जांच शुरू कर दी है।

# महंगाई की मार और खाद संकट पर कांग्रेस का हल्लाबोल

**नभारत न्यूज**
**बदनूर/मोहखेड़, 28 अगस्त, बढ़ती महंगाई और किसानों को खाद की उपलब्धता में आ रही परेशानियों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सावरी मैनीखापा द्वारा ग्राम बदनूर में धरना-प्रदर्शन किया गया।**

प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता, किसान एवं ग्रामीण शामिल हुए। कांग्रेस नेताओं ने शक्कर, बिजली बिल, गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों के साथ यूरिया-डीएपी की कथित किल्लत को लेकर सरकार पर निशाना साधा। धरने को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि किसान खेती के सीजन में




खाद के लिए परेशान होकर भटक रहे हैं। दूसरी ओर महंगाई के कारण आम परिवारों का घरेलू बजट बिगड़ रहा है। शक्कर के बढ़ते दाम, महंगे गैस सिलेंडर और भारी-भरकम बिजली बिल ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। नेताओं ने सरकार से किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया-डीएपी उपलब्ध कराने तथा आमजन को महंगाई से राहत देने की मांग की।

# रक्षाबंधन पर सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों की कलाई पर बांधा रक्षा सूत्र

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 28 अगस्त, आमजन की सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों को आज रक्षाबंधन पुनीत पर्व पर बहनों ने छिंदवाड़ा के तीनों थानों सिटी कोतवाली, थाना कुण्डीपुरा एवं थाना देहात जाकर भारतीय जनता पार्टी की बहनों ने टी आई सहित उपस्थित समस्त स्टाफ को प्रथम रक्षा सूत्र बांधकर व श्रीफल, रूमाल देकर उनका मुंह मीठा कराया।**

जिसमें सर्वप्रथम सिटी कोतवाली थाना के टी आई आशीष धुर्वे एवं समस्त स्टाफ, थाना देहात के टी.आई. गोविन्द सिंह राजपूत एवं समस्त स्टाफ और थाना कुण्डीपुरा में पदस्थ टी. आई. महेन्द्र भगत एवं समस्त स्टाफ को



रक्षा सूत्र बांधा एवं उन्हे शुभाशीष के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उक्ताशय की जानकारी श्रीमती जया विश्वकर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भाजपा नगर महिला मोर्चा एक मंडल अध्यक्ष व नव नियुक्त एल्डरमैन मनोनीत पार्षद नगर निगम छिंदवाड़ा श्रीमती माया बंन्देवार उपस्थित थी, उन्होनें कहा कि भाजपा की विचारधारा के अनुसार हमारे ऐसे भाई जो की रात-दिन अपने परिवार को छोड़कर हमारे शहर की सुरक्षा में दिन-रात तैनात रहते हैं, और हमारी सुरक्षा करते हैं, जिसके कारण वे त्योहारों में भी घर नहीं पहुंच पाए, इससे उनकी कलाई सुनी ना रह जाए इसी उद्देश्य से शहर के तीनों थानों में प्रतिवर्ष रक्षाबंधन का कार्यक्रम किया जाता है, और हम सभी बहनों का प्रयास रहता है कि रक्षाबंधन में किसी भी भाई की कलाई सुनी ना रहे, उन्होनें कहा कि हमें अपने पुलिस भाइयों से मिलकर बड़े ही गौरव की अनुभूति होती है । इस अवसर पर श्रीमती माया बंन्देवार, श्रीमती प्रभा ओक्टे, श्रीमती रत्ना साहू, श्रीमती रानी बंन्देवार, श्रीमती सरोज बंन्देवार सहित अन्य महिलायें उपस्थित थी।

# सांसद बंटी साहू ने पौधारोपण करके लिया बहनों का आशीर्वाद

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 28 अगस्त, सांसद बंटी विवेक साहू ने शुक्रवार की सुबह छिंदवाड़ा भाजपा नगर मंडल-2 के बूथ क्रमांक 88 अंतर्गत प्रथम विहार कॉलोनी गुलाबरा में अपने पौधारोपण अभियान के तहत रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर जहा बहनों के साथ पौधारोपण किया वही बहनों से राखी बंधवाकर उनका स्नेह और आशीर्वाद भी प्राप्त किया।**

इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने वार्ड की स्थानीय समस्याओं, नागरिकों की सुविधाओं एवं आगामी विकास कार्यों को लेकर वार्डवासियों से चर्चा भी की। उन्होंने वार्डवासियों को वार्ड में हरियाली लाने के लिए प्रयास करने का संकल्प भी दिलाया। सांसद बंटी विवेक साहू के द्वारा की गई पहल के चलते वार्ड में रिश्तों की डोर और हरियाली के संकल्प का अनूठा संगम देखने को मिला। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मंडल महामंत्री अंकित तिवारी, नगर युवा मोर्चा अध्यक्ष विवेक बिट्टू मंडराह, बूथ अध्यक्ष देवेंद्र गवांडे, बूथ बीएलए सत्यप्रकाश निर्मलकर, बूथ महामंत्री संजय धुर्वे, लाल पाल, मनोज सराठे, विवेक सिरसाव, तरुण डेहरिया, मिलन दाढ़े, मयूर गावंडे, महेंद्र गावंडे, धर्मेंद्र यादव, भवन पवार सहित अन्य उपस्थित थे।

# आज मनाया जाएगा भुजलिया पर्व, भाईचारे और सद्भाव का प्रतीक

**नवभारत न्यूज**
**मोहखेड़, 28 अगस्त, क्षेत्र में आज शनिवार को पारंपरिक भुजलिया पर्व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। महिलाएं व युवतियां भुजलिया लेकर घर-घर पहुंचेंगी और भुजलिया भेंट कर प्रेम, भाईचारे व शुभकामनाओं का आदान-प्रदान करेंगी।**

इस अवसर पर बुजुर्गों का आशीर्वाद लेने की भी परंपरा है। पर्व सामाजिक सद्भाव और आपसी मेल-जोल का संदेश देता है।

भुजलिया हमारे समय में गांव का सबसे आत्मीय पर्व हुआ करता था। लोग घर-घर जाकर भुजलिया भेंट करते और पुराने रिश्तों को और मजबूत करते थे। अब धीरे-धीरे यह परंपरा सिमटती जा रही है।

**संपतराव खिरेकर**



पहले भुजलिया के दिन हर घर में उत्सव जैसा माहौल रहता था। छोटे-बड़े सभी मिलकर पर्व मनाते थे। आज व्यस्तता के कारण वह पुराना अपनापन कम दिखाई देता है।

**राजेंद्र चौरे**

भुजलिया सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि प्रेम, सम्मान और भाईचारे का संदेश है। नई पीढ़ी को इसकी परंपरा और महत्व बताना जरूरी है, ताकि हमारी संस्कृति आगे भी जीवित रहे।

**पंजाबराव डिगरसे**

हमने बचपन से भुजलिया की परंपरा निभाई है। बुजुर्गों का आशीर्वाद लेना और एक-दूसरे को भुजलिया देना इसकी खासियत रही है। बदलते समय में भी इस परंपरा को बचाए रखना चाहिए।

**सुरेश सोनी**

# गणेश कॉलोनी में हर्षोल्लास से मनाया गया हरियाली महोत्सव

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 28 अगस्त, गणेश कॉलोनी स्थित गणेश मंदिर प्रांगण में हरियाली महोत्सव उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें कॉलोनी की महिलाओं ने बड़ी संख्या में बढ़-चढ़कर भाग लिया।**

प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका श्रीमती श्रुति आरोनकर कर, श्रीमती कृष्णा बिसेन और श्रीमती नीता पांडेय ने निभाई। कर्यक्रम में उर्मिला सिंह, अनीता आनंदेव, कल्पना मालवीय, मेघा चैरसिया, विनिता राय, समीक्षा ठाकुर, भावना नासेरी , अश्विनी आनदेव, शोभना पांडेय, प्रिया कस्तूरे, रेखा राजपूत, शीला पांडेय, ज्योति चौरसिया, सुलोचना मिथिलेश पांडेय, मधु रोड़े और पवन राय सहित कॉलोनी की अनेक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। हरे रंग के आकर्षक परिधानों में सजी महिलाओं ने सावन और हरियाली के इस उत्सव का भरपूर आनंद उठाया। गणेश मंदिर प्रांगण को फूलों और हरियाली से सुंदर ढंग से सजाया गया था। महिलाओं ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर आपसी सौहार्द, एकता और उत्साह का परिचय दिया।

# कलाई पर सजी राखी, बहनों के चेहरे पर दिखा सुकून


**नवभारत न्यूज**
**मोहखेड़, 28 अगस्त, भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का पर्व रक्षाबंधन शुक्रवार को मोहखेड़ अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही घर-घर राखी की थालियां सजीं। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर आरती उतारी और कलाई पर राखी बांधी। भाइयों ने बहनों को उपहार व नगद राशि भेंट कर जीवनभर साथ देने और रक्षा का वचन दिया।**

राखी बांधते समय बहनों के चेहरों पर खुशी और सुकून साफ नजर आया। दूर-दराज से बहनें अपने मायके पहुंचीं, जिससे घर-आंगन गुलजार रहे। सगी बहनों के साथ मुंहबोली बहनों ने भी भाई-




बहन के रिश्ते की परंपरा निभाई। बच्चों में भी पर्व को लेकर खास उत्साह रहा। मोहखेड़ मुख्यालय से लेकर गांवों तक दिनभर चहल-पहल बनी रही। पंडित-पुजारियों ने भी यजमानों की कलाई पर रक्षा-सूत्र बांधकर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद दिया।

# बहनों ने भाइयों की कलाइयों पर बांधा रक्षा सूत्र



**नवभारत न्यूज,**
**जुन्नारदेव, 28 अगस्त, सावन मास के अंतिम दिवस रक्षाबंधन पर्व के दौरान भाई-बहन के अटूट बंधन का अनूठा संगम नगर में देखने को मिला जहां पर बहनों ने अपने भाइयों की कलाइयों पर रक्षा सूत्र बांधा।**

नगर में चारों ओर रक्षाबंधन की धूम दिखाई दी जहां पर हर उम्र का व्यक्ति इस पवित्र रक्षाबंधन के त्यौहार के रंग में रंग दिखाई दिया बच्चे, युवा, बुजुर्ग हर वर्ग के लोगों ने अपनी बहनों से अपनी कलाइयों पर रक्षा सूत्र बंधवाए। नन्हे मुन्ने बच्चों में रक्षाबंधन का पर्व अनूठी खुशियां लेकर आया, जहां पर नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा इस पर्व को विशेष हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नन्हें भाइयों की कलाई पर नन्ही बहनों द्वारा बांधे गए रक्षा सूत्र के बाद भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार भेंट किया।

# डीपीएस में खिलाड़ियों से संवाद, विद्यार्थियों में खेलों के प्रति बढ़ा उत्साह

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 28 अगस्त, राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी पथ प्रशस्त करने हेतु दिल्ली पब्लिक स्कूल छिंदवाड़ा में एक प्रेरणादायी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें दो पूर्व खिलाड़ी एवं बैडमिंटन कोच हाजी ज़फ़र ख़ान एवं अदिति बैरागी ने विद्यार्थियों से बातचीत की।**

दोनों खिलाड़ियों ने अपने खेल अनुभव, संघर्ष और उपलब्धियों को साझा करते हुए विद्यार्थियों को खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। संवाद कार्यक्रम द्वारा विद्यार्थियों को अधिक रचनात्मक एवं प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में प्राचार्य हबीब खान ने दोनों खिलाड़ियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने दोनों खिलाड़ियों से खेलों, प्रशिक्षण, प्रतियोगिताओं तथा उनके अनुभवों से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे। कोच ने भी विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्साहपूर्वक उत्तर दिया और नियमित



अभ्यास, अनुशासन, मेहनत तथा आत्मविश्वास को सफलता की प्रमुख कुंजी बताया। कार्यक्रम के दौरान हाजी जावेद खान ने अपने शैक्षणिक एवं खेल जीवन के अनुभव साझा किए तथा बी.पी.एड. सहित खेल शिक्षा और प्रशिक्षण से जुड़े अपने अनुभवों के बारे में विद्यार्थियों को बताया कि वे किस तरह लंबे समय से खेल गतिविधियों से जुड़े रहे हैं तथा मध्य प्रदेश की बैडमिंटन टीम के चयनकर्ता और एनसीसी अधिकारी के रूप में भी सेवाएँ दे चुके हैं। वहीं अदिति बैरागी ने भी अपने खेल जीवन , राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सहभागिता के अनुभव , अपनी कठिनाइयों और उससे उबर कर सफलता के स्वाद को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। उन्होंने बताया कि खेल के क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर अभ्यास, धैर्य और लक्ष्य के प्रति समर्पण आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया । इस अवसर पर डीपीएस छिंदवाड़ा के विद्यार्थी पुतुल राहंगडाले एवं देवेंद्र अग्रवाल ने बड़े ही उत्साह के साथ प्रश्न पूछ कर पूरे कार्यक्रम के अंत तक उत्सुकता और समाधान का तालमेल बनाए रखा । विद्यार्थियों ने खिलाड़ियों के साथ संवाद करते हुए उनके अनुभवों से प्रेरणा ली। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों में खेलों के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह देखने को मिला। विद्यालय का यह आयोजन विद्यार्थियों को खेल प्रतिभा विकसित करने तथा भविष्य में खेलों के क्षेत्र में बेहतर अवसर प्राप्त करने के लिए प्रेरित करने वाला रहा।

# सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में सावन भर महिला मंडल ने किया रुद्राभिषेक



**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 28 अगस्त, नगर के वार्ड क्रमांक 13 पेट्रोल पंप के पीछे स्थित सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में सावन माह के अवसर पर महिला मंडल द्वारा पूरे सावन मास श्रद्धा एवं भक्ति के साथ भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया।**

इस धार्मिक आयोजन में महिलाओं ने नियमित रूप से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और परिवारों की खुशहाली की कामना की। सावन माह के दौरान आयोजित रुद्राभिषेक एवं धार्मिक अनुष्ठान विधि-विधान से पंडित विनय दुबे द्वारा संपन्न कराया गया। इस दौरान महिला मंडल की सदस्यों ने श्रद्धापूर्वक भगवान शिव का अभिषेक कर भजन-कीर्तन एवं पूजा-अर्चना में सहभागिता की।

**महंगाई** — मिठाई-पकवानों की बढ़ती मांग के बीच गृहणियों का बिगड़ा रसोई बजट

# चीनी के दाम 70 रुपये किलो, त्यौहार से पहले बढ़ी महंगाई

**नवभारत न्यूज**
**मोहखेड़, 28 अगस्त, त्योहारों से पहले चीनी के दामों में तेजी ने आम परिवारों का बजट बिगाड़ दिया है। स्थानीय बाजार में चीनी का भाव 70 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है। अचानक बढ़े दामों से गृहणियों में नाराजगी है।**

गृहणियों का कहना है कि खाद्य तेल, दाल और सब्जियों के दाम पहले से ही महंगे हैं। अब चीनी के भाव 70 रुपये किलो होने से रसोई का खर्च और बढ़ गया है। त्योहारों के दौरान



मिठाई, खीर, हलवा सहित अन्य पकवानों में चीनी की खपत बढ़ने से इसका सीधा असर घरेलू बजट पर पड़ेगा। कारोबारियों के अनुसार बाजार में मांग बढ़ने के कारण चीनी के भाव में तेजी बनी हुई है। लोगों ने सरकार से आवश्यक खाद्य वस्तुओं के बढ़ते दामों पर निगरानी रखने की मांग की है।

### गृहणियों ने कहा—महंगाई से बिगड़ा

चीनी 70 रुपये किलो तक पहुंच गई है। त्योहारों पर मिठाई-पकवान बनाना जरूरी होता है, ऐसे में खर्च बढ़ना तय है।

**सरला चौरे**

आमदनी वही है, लेकिन रोजमर्रा की जरूरतों की कीमत लगातार बढ़ रही है। चीनी महंगी होने से परिवार का बजट प्रभावित हो रहा है।

**कम्मो शाह**

तेल, दाल और सब्जियां पहले से महंगी हैं। अब चीनी के दाम बढ़ने से परेशानी और बढ़ गई है।

**जानकी आठनकर**

रसोई का खर्च लगातार बढ़ रहा है। चीनी 70 रुपये किलो होना आम परिवारों के लिए अतिरिक्त बोझ है।

**मुन्नीबाई डिगरसे**

### बंटी ने रक्षा बंधन और भुजारिया के पावन पर्व के अवसर पर दी बधाई एवं शुभकामनाएं

**छिंदवाड़ा।** बंटी विवेक साहू ने रक्षा बंधन और भुजारिया के पावन पर्व के अवसर पर जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। रक्षा बंधन और भुजारिया पर्व पर दिये गए अपने संदेश में सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में प्रेम, सुख, समृद्धि और सौहार्द का संचार करे। उन्होंने कहा कि कलाई पर बंधा रक्षा सूत्र (राखी) केवल एक धागा नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा पवित्र वादा है जो हमें कमजोर, जरूरतमंद और अपनों की रक्षा करने के लिए प्रेरित करता है। बेटियों के प्रति विशेष आदर और सम्मान का संदेश भी यह पर्व देता है। भाइयों को उनके कर्तव्य बोध का भान भी यह भली-भांति कराता है।


**Kolhapur Municipal Corporation**
**Property Tax Department**

**Tender Notice No. 49**
**Extension due to Pre-Bid Meeting**

Online bids are invited from eligible bidders for Selection of Agency for Providing Services for Assisting Numbering, Survey, and Assessment of all Properties on Revenue Generation Sharing Basis Model and Providing Required Software and Hardware for Kolhapur Municipal Corporation. The tender document containing the terms and conditions and the response of the Kolhapur Municipal Corporation regarding the objections/queries raised during the Pre-Bid Meeting has been published on the www.mahatenders.gov.in portal. The said tender process has been extended up to 09/09/2026.

**Sd/-**
**Commissioner**
**Kolhapur Municipal Corporation**